हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शनिवार 27 जून 2026

तापमान
अधिकतम 39 .0 डिग्री
न्यूनतम 31.0 डिग्री

12 शहरी श्मशान घाटों के विकास के लिए 5.63 करोड़ मंजूर...


12 कैथल के साहित्यकार प्रो. अनिल को मिले...


**खबर संक्षेप**

## संदिग्ध हालात में युवती लापता, मामला दर्ज

**जींद।** गांव खरैंटी से युवती के सदिग्ध हालात मे गायब होने पर जुलाना थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव खरैंटी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 24 जून रात को उसकी बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा। जुलाना थाना पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत पर अज्ञात लोगो के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## खरकरामजी में पशु बाड़े से दो भैंस चोरी मुकदमा दर्ज

**जींद।** खरकरामजी में बीती रात चोरों ने पशुबाड़े से दो भैंसों को चोरी कर लिया। सदर थाना पुलिस ने पशु पालक की शिकायत पर चोरी कार मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव खरकरामजी निवासी वजीर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने मकान के बगल में पशुबाड़ा बनाया हुआ है। बीती रात चोरों ने पशुबाड़े से उसकी दो भैंसों को चोरी कर लिया। चोरी की घटना का उस समय पता चला बग वह सुबह पशुबाड़े में पहुंचा। पुलिस ने वजीर की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## संदिग्ध हालात में महिला ने फांसी लगा कर दी जान

**जींद।** गांव लौन में शुक्रवार दोपहर को महिला ने संदिग्ध हालात में फांसी का फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। मायका पक्ष ने मृतका को मानसिक रूप से परेशान बताया है। गढ़ी थाना पुलिस ने मृतका के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। गांव लौन निवासी शौकिन की पत्नी सोनिया (26) ने शुक्रवार दोपहर को संदिग्ध हालात के चलते अपने मकान में फांसी का फंदा लगा लिया। घटना के दौरान परिवार के सदस्य अपने काम काज मे व्यस्त थे। काफी देर तक सोनिया के कमरे से बाहर न आने तथा आवाज देने पर कोई जवाब न मिलने पर जब परिजनों ने कमरे के अंदर देखा तो वह फांसी के फंदे पर लटकी हुई थी।गढ़ी थाना पुलिस तथा मृतका का मायका पक्ष मौके पर पहुंच गया और हालातों का जायजा लिया। कुछ दिनो से सोनिया मानसिक रूप से परेशान चल रही थी। उसी परेशानी के चलते उसकी बेटी ने फांसी लगा कर आत्महत्या की है।

## जिला शिक्षा अधिकारी ने किया संस्थानों का निरीक्षण

**सीवन।** जिला शिक्षा अधिकारी कैथल डॉ. रमेश कुमार शास्त्री ने शुक्रवार को नगर स्थित खंड शिक्षा कार्यालय, बीआरसी कार्यालय तथा पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालयों एवं विद्यालय परिसर में सफाई व्यवस्था, अभिलेखों के रखरखाव, कार्यालयीन कार्यों तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने विभिन्न कमरों, रिकॉर्ड रूम, परिसर की स्वच्छता तथा कर्मचारियों की कार्यप्रणाली की समीक्षा की। उन्होंने विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की जानकारी भी प्राप्त की।

## लघु सचिवालय के बाहर हुआ हंगामा

**जींद।** लघु सचिवालय के बाहर सुबह काफी हंगामा हुआ। यहां एक लड़का व लड़की शादी के बाद अदालत की तरफ जा रहे थे। इतनी ही देर में लड़की के परिजन आ गए और अपने साथ लड़की को ले गए। काफी देर तक लड़की के परिजनों व लड़के के बीच बहस भी हुई। प्रत्यक्षदर्शी लोगों ने बताया कि 11 बजे के आसपास एक लड़का व लड़की अदालत परिसर की तरफ गोहाना रोड से जा रहे थे। सिविल लाइन थाना प्रभारी ने बताया कि इस बारे में कोई सूचना नहीं है।

*दिल्ली-सोनीपत रूट पर 85 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से किया ट्रेन का ट्रायल*

# जींद रेलवे जंक्शन से हाइड्रोजन ट्रेन ट्रायल के लिए दिल्ली रवाना, 120 किलोमीटर प्रतिघंटा रही ट्रेन की स्पीड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद रेलवे जंक्शन से हाइड्रोजन ट्रेन शुक्रवार को ट्रायल के लिए दिल्ली रेलवे स्टेशन की ओर दो डीजल इंजन के साथ जुड़कर रवाना हुई। जींद से दिल्ली जाते समय ट्रेन की स्पीड 75 किलोमीटर प्रतिघंटा की रही। दिल्ली से सोनीपत के बीच ट्रेन के चार ट्रायल होने हैं। दिल्ली से सोनीपत रूट पर ट्रेन का ट्रायल 85 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से किया गया। वहीं सोनीपत से दिल्ली जाते समय भी ट्रेन की स्पीड 85 किलोमीटर प्रति घंटा थी। इसके बाद दिल्ली से सोनीपत जाते समय ट्रेन की स्पीड 100 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित रखी गई। वहीं सोनीपत से दिल्ली रूट पर 100 किलोमीटर प्रति घंटा की गति निर्धारित रखी गई। दिल्ली से सोनीपत आते समय अंतिम चक्कर 120 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड रखी गई। इसके बाद ट्रेन सोनीपत से जींद वापस जींद आएगी। हाई स्पीड ट्रायल की तैयारियों को लेकर 24 जून को आरडीएसओ (रेलवे डिजाइन संगठन मानक) टीम जींद रेलवे स्टेशन पर पहुंची थी। टीम ने हाइड्रोजन ट्रेन के अंदर वायरिंग और प्लेटिंग का काम पूरा किया। शुक्रवार को ट्रेन हाई स्पीड ट्रायल किया गया। गौरतलब है कि हाइड्रोजन ट्रेन का इससे पहले 75 और 85 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से स्पीड ट्रायल हो चुका है। शुक्रवार को हाई स्पीड टेस्ट के दौरान टेस्ट के दौरान हर बारीकी पहलुओं पर नजर बनाई जाएगी। ट्रायल में ब्रेकिंग सिस्टम, इंजन की क्षमता, कंपन सिस्टम ट्रैक पर स्थिरता जैसे परिस्थितियों का आंकलन किया गया।



**जींद।** ट्रायल के लिए ट्रैक पर मौजूद हाइड्रोजन ट्रेन।

### ट्रायल के लिए बाहर से मंगवाई गई गैस

ट्रायल के दौरान ट्रेन की तकनीकी क्षमता और सुरक्षा मानकों की जांच होगी। हाई .स्पीड परीक्षण के लिए बाहर से हाइड्रोजन गैस का एक विशेष टैंकर मंगवाया गया था ताकि ट्रेन को पर्याप्त ईंधन मिल सके। रेलवे अधिकारियों के अनुसार यह परीक्षण हाइड्रोजन ट्रेन परियोजना का सबसे महत्वपूर्ण चरण है। इसके सफल रहने पर देश में स्वच्छ ऊर्जा आधारित रेल संचालन का मार्ग प्रशस्त होगा।

### 75 से 85 किमी प्रति घंटा हो चुके हैं ट्रायल

इससे पहले हाइड्रोजन ट्रेन का 75 से 85 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से सफल स्पीड ट्रायल किया जा चुका है। अब अंतिम चरण में 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पर ट्रेन के प्रदर्शन का परीक्षण किया जा रहा है। रेलवे अधिकारियों का मानना है कि इस परीक्षण की सफलता से देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन के संचालन का मार्ग और अधिक स्पष्ट हो जाएगा। हाइड्रोजन ईंधन पर आधारित यह ट्रेन पारंपरिक डीजल ट्रेनों की तुलना में पर्यावरण के लिए अधिक अनुकूल है, जिससे कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी।

### सीएमओ कार्यालय के सामने सीढ़ियों से सटकर बिछाए पाइप

# नागरिक अस्पताल में आड़े-तिरछे लगाए फायर सेफ्टी पाइप बने मरीजों की परेशानी

*दिव्यांगजनों व आमजन को आवागमन में हो रही परेशानी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में फायर सेफ्टी व्यवस्था के नाम पर किए जा रहे काम मरीजों और स्टाफ के लिए मुसीबत बन गए हैं। खासतौर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय के ठीक सामने सीढ़ियों पर फायर सेफ्टी के पाइप बिछाए गए हैं, जो आम आवाजाही को पूरी तरह बाधित कर रहे हैं। पाइप इस कदर सीढियों से सट कर लगाए गए हैं कि इनके ऊपर से जाना आसान नही है। सबसे ज्यादा परेशानी दिव्यांग मरीजों को उठानी पड़ रही है। स्वास्थ्य विभाग ने मामले में संज्ञान लेते हुए इन पाइपों को दोबारा से व्यवस्थित तरीके से लगवाने की बात कही है।





**जींद।** नागरिक अस्पताल में अव्यवस्थित तरीके से लगाए गए फायर सेफ्टी पाइप व सीढियों पर लगे पाइप के ऊपर से मुश्किल से जाता हुआ दिव्यांग।

### फायर सेफ्टी के लिए नहीं मिली एनओसी

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में फायर सेफ्टी को लेकर अब तक फायर सेफ्टी एनओसी नही मिली है और बिना एनओसी के ही अस्पताल संचालित किया जा रहा है। ऐसे में भविष्य में आगजनी की घटना से बचाव को लेकर पुरानी बिल्डिंग में अग्निशमन उपकरण तो लगवा दिए गए हैं लेकिन यह पर्याप्त नही है। ऐसे में अस्पताल में करवाए जा रहे रेनोवेशन कार्य के तहत फायर सेफ्टी के लिए पाइप बिछवाने का कार्य शुरू किया गया है।

### बिना व्यवस्थित तरीके से लगाए गए पाइप

यह पाइप बिना व्यवस्थित तरीके के लगा दिए गए हैं। अस्पताल में इलाज कराने आने वाले मरीजों का कहना है कि पाइप सीढियों के बीचोंबीच इस कदर लगाए गए हैं कि गुजरने में काफी परेशानी हो रही है। सीएमओ कार्यालय के सामने सीढियो के बिल्कुल सटा कर पाइप लगाए जाने से पांव तक रखने की जगह नही बची है। कभी भी कोई गिर सकता है और गंभीर चोटिल हो सकता है। पाइप को दीवार के साथ या उचित जगह पर लगाने के बजाय सीढ़ियों के बीच बिछा दिया गया है। जिससे न केवल सुविधा प्रभावित हो रही है बल्कि सुरक्षा को भी चुनौती मिल रही है।

### फायर सिलेंडर लगने के बाद मिलेगी एनओसी

नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग को अबतक फायर एनओसी नही मिली है। फायर एनओसी हासिल करने के लिए अस्पताल प्रशासन द्वारा फायर सिलेंडरों को इंस्टॉल करवाया जा रहा है। इससे पहले जगह-जगह रेत से भरी लाल रंग की बाल्टियों को रखा गया था। जो आग लगने पर किसी भी सूरत में कारगर साबित नही हो सकती थी। ऐसे में फायर सिलेंडर इंस्टॉल होने के बाद अस्पताल प्रशासन को फायर एनओसी मिलने का रास्ता साफ हो जाएगा। इससे मरीजों, उनके परिजनों और स्टाफ की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी।

### पाइपों को करवाया जाएगा व्यवस्थित : डा. पूनिया

नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है। इसे लेकर उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों से बात की है। सीढ़ियों पर लगे पाइप को ग्राइंड करवाया जाएगा। जल्द ही इस समस्या का समाधान कर लिया जाएगा।

## एचटेट को लेकर तैयारियों में जुटा प्रशासन, 22 केंद्रों पर होगी परीक्षा




**जींद।** बैठक में दिशा-निर्देश देते हुए डीसी डा. वैशाली शर्मा।

*चार व पांच जुलाई को होगी हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आगामी चार व पांच जुलाई को आयोजित होने वाली हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा के सुव्यवस्थित व नकल रहित संचालन करवाने के लिए शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता डीसी डा. वैशाली शर्मा ने की। डीसी ने बताया कि परीक्षा में जिला में 12874 अभ्यर्थी 22 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा देंगें। आगामी चार जुलाई को सायंकालीन सत्र में लेवल 3 की परीक्षा होगी। जिसमें 4270 अभ्यर्थी तथा पांच जुलाई को प्रातः कालीन सत्र में लेवल 2 की परीक्षा में 6813 अभ्यर्थी एवं सायं कालीन सत्र में लेवल 1 की परीक्षा में 1791 अभ्यर्थी शामिल होंगे।

### उड़नदस्तों की नियुक्ति

उन्होंने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों की निरीक्षण व्यवस्था को चाक चौबंद किया जाएगा। नकल व अन्य अनियमितताओं पर सख्ती से रोक लगाने के लिए प्रभावशाली उड़नदस्तों की नियुक्ति की जा रही है। पर्याप्त मात्रा में पुलिस कर्मी व प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर बोर्ड की ओर से एक-एक अधिकारी, कर्मचारी, प्रतिनिधि तथा जिला प्रशासन की ओर से भी एक.एक सक्षम अधिकारी की नियुक्ति होगी। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर डियूटी देने वाले अधिकारियों तथा कर्मचारियों को निर्देश दिये कि परीक्षाओं को निर्बाध रूप से संपन्न करवाने के लिए बोर्ड द्वारा जारी हिदायतों की अनुपालना में सामान्य दिशा निर्देश की बुक अवश्य पढ़ लें। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को तीन से पांच जुलाई तक अपने कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिये। कंट्रोल रूम पर नियुक्त अधिकारी बोर्ड मुख्यालय पर स्थापित कंट्रोल रूम से सीधा संपर्क बनाए रखेंगे।

## एंटी व्हीकल थेफ्ट ने अवैध पिस्तौल सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ को एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल हुई है। टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवक थाना शहर क्षेत्र से अवैध पिस्तौल .32 बोर सहित आरोपी काबु किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई मुकेश कुमार की अगुवाई में एएसआई अजीत सिंह की टीम सांयकालीन गश्त दौरान पाडला रोड़ कैथल क्षेत्र में मौजूद थी। जहां एक विश्वसनीय गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि एक नौजवान लड़का अपने पास अवैध असला लेकर खनौरी रोड अंडर ब्रिज के पास किसी के इंतजार में खड़ा हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए एएसआई अजीत सिंह की टीम द्वारा तुरंत रेडिंग पार्टी का गठन करके मौके पर पहुंचकर बताए गए हुलिए के आधार पर एक संदिग्ध युवक को काबू किया।




## खंभे के नीचे आने से स्कूटी सवार महिला की मौत

**कैथल।** कैथल-करनाल रोड पर निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज के पास एक दर्दनाक हादसे में महिला की मौत हो गई। सड़क निर्माण कार्य के दौरान एक डंपर चालक की लापरवाही से बिजली का खंभा टूटकर महिला पर गिर गया। हादसे के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत में यूपी के फूल कुमार ने बताया कि बुधवार दोपहर करीब एक बजे वह अपनी पत्नी के साथ स्कूटी से ससुराल कैथल आ रहा था। शाम करीब 4 बजे गांव मूंदड़ी से आगे पहुंचे तो सड़क निर्माण कार्य के कारण दोनों तरफ के वाहन एक ही लेन से गुजर रहे थे।

## नौकरी लगवाने का झांसा देकर 21.2 लाख रुपये हड़पे, केस दर्ज

■ स्वास्थ्य विभाग में नौकरी का दिया था झांसा

**जींद।** स्वास्थ्य विभाग में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 21 लाख 26 हजार रुपये हड़पने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव सिवानामाल निवासी आनंद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव बागड़ खुर्द हाल हरिनगर निवासी प्रताप उनके गांव मे जेबीटी अध्यापक था। जिसके बेटे अमित तथा सुमित गांव में मेडिकल स्टोर चलाते थे। जिसके चलते उनकी आपस मे अच्छी जान पहचान थी और घर आना जाना था। सुमित ने कहा कि वह उसके बेटे अजय को स्वास्थ्य विभाग में नौकरी लगवा देगा। जिसके लिए उसे एडवांस देना होगा। वर्ष 2024 में प्रताप तथा उसके दोनो बेटे घर आए और दो लाख रुपये ले गए। जिसके बाद उसके बेटे की परीक्षा भी हो गई। फिर अमित ने फोन कर कहा कि लिस्ट आने वाली है, उन्हें साढ़े तीन लाख रुपये और देने होंगे। आरटीजीएस के माध्यम से उनके खाते मे भेज दिए।

## पुत्रवधु ने मायके पक्ष संग मिलकर किया हमला, पति और सास घायल

■ पुलिस ने शिकायत के आधार पर पुत्रवधु समेत 13 लोगों पर दर्ज किया मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नरवाना में बिजनेस बंटवारे को लेकर पुत्रवधु ने अपने मायके पक्ष के साथ मिल कर घर मे घुस पति तथा सास पर हमला कर घायल कर दिया। शहर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर पुत्रवधु समेत नौ लोगों को नामजद कर चार अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सुनील ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके बेटे आयुष की शादी वर्ष 2021 मे नरवाना निवासी स्वाति के साथ हुई थी। शादी होने के बाद से स्वाति उसके बेटे आयुष पर अलग होने का दबाव डाल रही थी। स्वाति के मायका पक्ष में दहेज का मुकद्मा दर्ज कराने की भी धमकी दी थी। उसने आत्महत्या की कोशिश भी की। फिर मामले को पंचायती तौर पर सुलझा लिया गया। उसने दिसंबर 2025 को दो सौ गज का प्लाट स्वाति के नाम करवा दिया। गत एक जनवरी से स्वाति तथ आयुष उसी मकान मे रह रहे है। अब स्वाति अपने पति आयुष पर बिजनेस अलग करने के लिए दबाव डाल रही है। गत 21 जून को स्वाति के मायका वालों ने उसके बेटे आयुष के साथ मारपीट भी की थी। गत 24 जून रात को स्वाति के मायका वाले उसके घर पर आए और उसकी पत्नी के साथ मारपीट शुरू कर दी।

### जींद-संगरूर नेशनल हाइवे पर अचानक बैल आने से सांसद जेपी की गाड़ी हुई दुर्घटनाग्रस्त

# जिले में खुले में घूमने वाले पशु बन रहे सड़क हादसों का सबब

*बुजुर्ग को घायल करने की सीसीटीवी फुटेज आई सामने, लोगों में रोष*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

रोहतक रोड स्थित संस्कार भारती गली में गली से गुजर रहे 82 वर्षीय बलबीर पर आवारा सांड ने अचानक हमला कर दिया। इस हमले में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। जिन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पूरी घटना पास के एक मकान में लगे सीसी टीवी कैमरे में रिकार्ड हो गई। फुटेज में साफ दिख रहा है कि सफेद कुर्ता व पायजामा पहने बुजुर्ग लाठी के सहारे गली में चल रहे थे। सामने गली में एक काला सांड खड़ा था। जैसे ही बुजुर्ग सांड के पास से गुजरा तो इसी दौरान सांड भड़क गया और पलट कर बुजुर्ग पर हमला कर दिया। सांड की टक्कर से बुजुर्ग सड़क पर गिर पड़े और उठ नहीं पाए। बुजुर्ग को गिरा देख एक स्थानीय युवक दौड़ कर मौके पर पहुंचा। उसने बुजुर्ग को उठाया और संभाला। इसके बाद आसपास के लोग भी इकट्ठा हो गए। घायल बुजुर्ग को तुरंत जींद के निजी अस्पताल ले जाया गयाए जहां उनका इलाज चल रहा है। संस्कार भारती गली के पड़ोसी जसवीर लाठर का कहना है कि इलाके में आवारा सांडों का आतंक बढ़ गया है।





**जींद।** हाइवे पर बैल आने के चलते दुर्घटनाग्रस्त हुई सांसद जयप्रकाश की गाड़ी व नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन सांसद जयप्रकाश।

### सड़क पर बैल आने से सांसद की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त

दिल्ली-पटियाला नेशनल हाईवे पर हिसार के कांग्रेस सांसद जयप्रकाश की कार सड़क पर अचानक बेसहारा पशु आ जाने के कारण हादसे का शिकार हो गई। गनीमत रही कि हादसे में एयरबैग खुलने से सांसद सुरक्षित बच गए। बुजुर्ग पर सांड का हमला शहर के रोहतक रोड स्थित संस्कार भारती गली में एक 82 वर्षीय बुजुर्ग पर आवारा सांड ने जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया और सीसी टीवी फुटेज में भी वायरल हुआ था। इससे पहले जींद-कैथल मार्ग पर एक बेसहारा पशु को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई थी, जिसमें कार सवार दो युवकों की मौत हो गई थी और कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे।

### मच्छरों से बचने के लिए सड़कों पर आते हैं गोवंश

शहर में खुले में घूम रहे पशुओं की समस्या आज की नही है। शहर में सभी पशु रोड पर या किसान के खेत में घूमते हैं और किसान की फसल को बहुत नुकसान पहुंचा रहे हैं। वहीं शहर और गांव के लिंक मार्गों से लेकर नेशनल हाईवे पर बेसहारा गोवंश हमेशा देखा जा सकता है। रात के समय तो यह गोवंश वाहन चालकों के लिए खतरा बन जाते हैं। सूरज ढलते ही बेसहारा गोवंश मक्खी और मच्छरों से बचने के लिए कच्ची जगह से सड़कों पर आ जाते हैं। जिले में 25 से ज्यादा गोशाला हैं। स्थानीय लोग कई बार पशुओं को पकडने के लिए अभियान चलाने की मांग कर चुके हैं लेकिन हो नही पा रहा है।

**खबर संक्षेप**



## राजपुरी डेरा में तीन दिवसीय उत्सव संपन्न

**कलायत।** कलायत के आदर्श गांव बालू में स्थित सिद्ध बाबा राजपुरी धार्मिक डेरा में तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव विभिन्न कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। डेरा कमेटी सदस्यों ने बताया कि हर वर्ष वार्षिक उत्सव व भंडारे का आयोजन किया जाता है। उत्सव में हवन यज्ञ व धार्मिक अनुष्ठान होते हैं। तीसरे दिन पूरे प्रदेश से संत-महंत भंडारे का हिस्सा बनते हैं।

## सालासर बालाजी धाम पहुंचे विधायक देवेंद्र अत्री

**उचाना।** भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने राजस्थान के प्रसिद्ध सालासर बालाजी मंदिर में परिवार सहित पहुंचकर बालाजी महाराज के दर्शन किए तथा विधिवत पूजा व अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र, प्रदेश और देशवासियों की सुख, समृद्धि, खुशहाली एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

विधायक देवेंद्र अत्री ने कहा कि सालासर बालाजी धाम करोड़ों श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का केंद्र है। बालाजी महाराज की कृपा से भक्तों के कष्ट दूर होते हैं और जीवन में नई ऊर्जा व सकारात्मकता का संचार होता है। आध्यात्मिक शक्ति व्यक्ति को सेवा, सद्भाव और मानव कल्याण के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है।

## पर्यावरण नहीं बचाया तो आने वाली पीढ़ियां माफ नहीं करेंगी : नैन

**गुहला-चीका।** विधिक सेवा प्राधिकरण समिति, गोला के अध्यक्ष एवं अतिरिक्त सिविल जज अक्षय कुमार के निर्देशन में पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को डीएवी कॉलेज, चीका में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पैनल अधिवक्ता जीवन सिंह नयन ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा उपस्थित लोगों को पर्यावरण संबंधी कानूनों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज देश के सामने सबसे बड़ी चुनौती पर्यावरण संरक्षण की है। यदि समय रहते पर्यावरण को नहीं बचाया गया तो आने वाली पीढ़ियां हमें कभी माफ नहीं करेंगी।

### उपायुक्त ने निष्पक्ष कार्रवाई का दिया आश्वासन

# बायोगैस प्लांट शिफ्टिंग पर गोहाना रोडवासियों ने डीसी को सौंपा पत्र

- प्रशासन जल्द दोनों पक्षों की बैठक बुलाकर करेगा निष्पक्ष कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गोहाना रोड के नजदीक रिहायशी क्षेत्र में बने बायो गैस प्लांट को लेकर लोगों की आपत्ति भरे सवालों को लेकर पत्र शुक्रवार को डीसी डा. वैशाली शर्मा को सौंपा गया। डीसी ने कालोनीवासियों को कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

गौरतलब है कि हरियाणा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा के निर्देशों पर जींद प्रशासन ने गत 20 जून को बायो गैस प्लांट का दौरा किया था। उन्होंने कालोनीवासियों को बायो गैस प्लांट को लेकर जो-जो आपत्ति है, उसे जिला प्रशासन को सौंपने की बात कही थी। इसे लेकर माजरा खाप के प्रवक्ता समुंद्र सिंह फोर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल डीसी को 16 आपत्तियों से भरे सवालों का एक पत्र सौंपते हुए लिखित में जवाब भी मांगे। प्रशासन इस मामले में दोनों पक्षों की जल्द ही बैठक बुलाकर पूरी तरह से निष्पक्ष कार्रवाई करने का काम करेगा। प्रतिनिधिमंडल में खाप नेता समुंद्र सिंह फोर के अलावा पार्षद प्रतिनिधि डा. बलबीर श्योराण, मास्टर जगदीश भनवाला आदि ने कहा कि गोहाना रोड पर रिहायशी क्षेत्र में बनाया गया बायो गैस प्लांट पूरी तरह से नियमों के विपरीत है। ज्वलनशील पदार्थ के उत्पादन के लिए कायदे के अनुसार रैड जोन निर्धारित होता है। एक पटाखा फैक्टरी भी रेड जोन में लगाई जाती है, मगर बायो गैस का यह प्लांट रिहायशी क्षेत्र में लगा दिया गया। आपत्ति पत्र में कहा गया है कि जींद शहर की कई कॉलोनियों और कई गांव के हजारों लोगों की एक मत राय यही है कि रिहायशी क्षेत्र में बना बायो गैस प्लांट जान-माल की सुरक्षा दृष्टिगत यहां से शिफ्ट होना जरूरी है। इसलिए बताया जाये की यह प्लांट कब शिफ्ट किया जा रहा है। प्लांट में जो गैस बनाई जा रही है, उसमें क्या पराली, मैगी और गोबर का प्रयोग हो रहा है। प्लांट से निकलने वाले अवशेष तरल, ठोस, धुआं व पराली की धूल लोगों के स्वास्थ्य को खराब नहीं करेगी, यह बात सरकार लिखित में दें। रिहायशी क्षेत्र में बायो गैस प्लांट लागने के लिए किस व्यक्ति ने मंजूरी के लिए दस्तावेजों की प्रक्रिया पूरी की, उसका नाम बताया जाए। माजरा खाप के प्रवक्ता समुंद्र सिंह फोर ने बताया कि जल्द ही इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री नायब सैनी से भी मिला जाएगा। अबर सरकार ने बायो गैस प्लांट को नही हटाया तो आंदोलन के सिवाए कोई रास्ता नही बचेगा।



**जींद।** बायो गैस प्लांट को लेकर आपत्तियों से भरा हुआ पत्र डीसी डा. वैशाली शर्मा को सौंपते हुए प्रतिनिधिमंडल।

### बड़े आंदोलन के लिए सरकार होगी जिम्मेदार

बायो गैस प्लांट शिफ्ट न होने की सूरत में कई कॉलोनियों और कई गांव के लोग स्थाई तौर से तंबू गाड कर आंदोलन चलाते हैं तो क्या इसके लिए सरकार जिम्मेदार होगी। यही नहीं रिहायशी क्षेत्र में बायो गैस प्लांट चलाने की एनओसी जिन-जिन विभागों ने दी है, उसकी प्रति दी जाए। बायो गैस प्लांट लगाने के लिए क्या एनजीटी और डीटीपी की स्वीकृति भी मिली हुई है। यदि ऐसा है तो दोनो के परमिशन लेटर दिये जाएं। क्या प्रत्येक महीने की जांच रिपोर्ट स्थानीय प्रशासन और एनजीटी के पास पहुंच रही है, यदि ऐसा है तो वह रिपोर्ट पब्लिक को दी जाए।

# निर्जला एकादशी पर खाटू श्याम मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब, वातावरण भक्तिमय

- कार्यक्रम में बच्चों ने सुंदर झांकियों से मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर काशी स्थित दादा खेड़ा पर बने खाटू श्याम मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों का आना-जाना शुरू हो गया था, जो देर शाम तक जारी रहा। विशेष रूप से महिलाओं की संख्या अधिक देखने को मिली, जिन्होंने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ बाबा श्याम के दरबार में हाजिरी लगाई।मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जहां श्रद्धालुओं ने मिलकर बाबा श्याम के भजनों का गुणगान किया। भक्ति के इस माहौल में पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया और हर कोई भक्ति रस में डूबा नजर आया।कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने भी सुंदर-सुंदर झांकियां प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इन झांकियों में धार्मिक कथाओं और बाबा श्याम की महिमा को दर्शाया गया। आयोजन में व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए समिति के सदस्यों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। श्रद्धालुओं के लिए पेयजल व अन्य सुविधाओं का भी विशेष प्रबंध किया गया।



**राजौंद।** बाबा श्याम मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब।

## निर्जला एकादशी पर भक्ति रस में डूबा रात्रि कीर्तन, भजनों पर झूमे श्रद्धालु



**उचाना।** निर्जला एकादशी पर कान्हा सेवा सदन के समीप श्याम प्रेमी गौरव कुमार के निवास पर भव्य रात्रि कीर्तन का आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। देर रात तक चले इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान के श्रीचरणों में अपनी आस्था अर्पित की। महाराजा अग्रसेन मंदिर के पुजारी अशोक शर्मा ने अपने मधुर एवं भावपूर्ण भजनों से ऐसा भक्तिमय वातावरण बनाया कि श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होकर झूम उठे। श्याम नाम और भगवान के गुणगान से पूरा परिसर गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने तालियां बजा कर और जयकारों के साथ भजनों का आनंद लिया। कार्यक्रम के दौरान भगवान श्रीकृष्ण और श्याम बाबा की भक्ति, निर्जला एकादशी के महत्व तथा सनातन संस्कृति की महिमा का भी वर्णन किया गया। निर्जला एकादशी का व्रत करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है।

## निर्जला एकादशी पर ठंडा शरबत पिला कर लोगों को दिलाई गर्मी से राहत



**नरवाना।** भारत विकास परिषद, केशव शाखा नरवाना द्वारा निर्जला एकादशी के शुभ अवसर पर राहगीरों एवं आमजन को ठंडे गुलाब शरबत का वितरण कर सेवा कार्य किया गया। निर्जला एकादशी भगवान विष्णु की आराधना एवं पुण्य प्राप्ति का विशेष पर्व माना जाता है। मान्यता है कि इस एकादशी का व्रत एवं सेवा कार्य सभी एकादशियों के समान फल प्रदान करता है। इस अवसर पर शाखा के संरक्षक सतीश सेतिया, सचिव नाथूराम गोयल, पवन सिंगला सेवा गतिविधि संयोजक, रामवतार बंसल, नवीन बंसल प्रेस प्रवक्ता एवं सुशील गोयल पंकज चौधरी, रिंकू गर्ग व अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की सफलता में विशेष योगदान पवन सिंगला, नवीन बंसल, नाथूराम गोयल तथा पंकज चौधरी का रहा, जिनके सहयोग एवं समर्पण से यह सेवा कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# बरसाना आयुर्वेदिक अस्पताल में स्वास्थ्य कैंप का शुभारंभ

- हर बृहस्पतिवार अब बुजुर्गों के लिए समर्पित

**पूंडरी।** आयुष निदेशक के निर्देश एवं जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शकुंतला दहिया के कुशल मार्गदर्शन में आज आयुर्वेदिक अस्पताल बरसाना में /"वृद्ध सेवा एवं स्वास्थ्य कैंप/" का शुभ मुहूर्त संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ बरसाना के सरपंच विजय ने रिबन काटकर किया। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग हमारे समाज की धरोहर हैं। उनकी सेवा करना हमारा कर्तव्य है। आयुर्वेद के माध्यम से उन्हें निरोगी जीवन देना सराहनीय पहल है।

डॉ. ममता कश्यप ने बताया कि अब हर बृहस्पतिवार को आयुर्वेदिक अस्पताल बरसाना में बुजुर्गों के लिए विशेष कैंप लगाया जाएगा। इस कैंप में वृद्धों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, स्वास्थ्यवर्धक आयुर्वेदिक औषधियां और परामर्श दिया जाएगा। आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट जीवन ने बुजुर्गों को संतुलित आहार व पोषण के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सही खान-पान से ही कई रोगों से बचाव संभव है।



**पुंडरी।** वृद्ध सेवा एवं स्वास्थ्य कैंप का शुभारंभ करते सरपंच विजय।

# इस्कान मंदिर का खुलना शहरवासियों के लिए बड़ी सौगात : टीआर मित्तल

- रोहतक रोड पर खुला इस्कॉन मंदिर, श्रद्धालुओं में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद में रोहतक रोड पर इस्कॉन मंदिर इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस श्रद्धालुओं के लिए बन कर तैयार हो गया है। जिसको लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। मंदिर में नियमित कीर्तन एवं संध्या आरती का आयोजन किया जाता है। इसमें सैंकड़ों श्रद्धालु उपस्थित होकर भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में लीन होते हैं। समाजसेवी राजकुमार गोयल ने अपने साथी सावर गर्ग, रामधन जैन, पवन बंसल आदि के साथ इस कीर्तन व संध्या आरती में पहुंचे और भगवान जगन्नाथ के दर्शन किए। इस मौके पर दिल्ली के प्रमुख समाजसेवी टीआर मित्तल जिनका इस मंदिर को बनवाने में पूरा सहयोग है। इस अवसर पर टीआर मित्तल ने कहा कि इस्कान मंदिर का खुलना जींद शहर के लिए एक बड़ी सौगात है। यहां नियमित रूप से धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिससे युवा पीढ़ी भी भारतीय संस्कृति और सनातन मूल्यों से जुड़ सकेंगी।



**जींद।** इस्कॉन मंदिर में आयोजित आरती में शामिल होते समाजसेवी राजकुमार गोयल व अन्य।

# रक्तदान सबसे बड़ा मानव सेवा का कार्य : विजय कुमार

- मैट्रो ब्लड बैंक ने लगाया विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

**नरवाना।** मानवता की सेवा के संकल्प के साथ वर्ष 2021 से निरंतर कार्यरत मेट्रो ब्लड बैंक, जींद द्वारा शुक्रवार को नरवाना में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर दी सत्यम एजुकेशन सोसाइटी एवं हारट्रॉन स्किल सेंटर नरवाना के सहयोग से आयोजित हुआ, जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर के दौरान कुल 60 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे तहसीलदार विजय कुमार का आयोजकों एवं मेट्रो ब्लड बैंक की टीम ने तिलक लगाकर स्वागत किया। तहसीलदार ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानव सेवा का कार्य है और मेट्रो ब्लड बैंक वर्ष 2021 से जिस समर्पण भाव के साथ समाज की सेवा कर रहा है, वह अत्यंत सराहनीय है।



रक्तदान करते हुए रक्तदाता साथ में नरवाना के तहसीलदार विजय कुमार

# गर्भवती महिलाओं पर रखें नजर व लिंग जांच की आशंका पर दें जानकारी : डॉ.सिंह

- सूचना देने पर एक लाख रुपये इनाम की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र राजौंद में सिविल सर्जन डॉ. रेणु चावला के निर्देशानुसार डॉ. संदीप सिंह की अध्यक्षता में 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत आशा कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।बैठक में डॉ. संदीप सिंह ने सभी आशा कार्यकर्ताओं को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में आने वाली प्रत्येक गर्भवती महिला पर विशेष नजर रखें। यदि कोई गर्भवती महिला बाहर जाकर अल्ट्रासाउंड करवाती है, तो यह सुनिश्चित किया जाए कि वह लिंग जांच के उद्देश्य से तो ऐसा नहीं कर रही। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी महिला द्वारा लिंग जांच करवाने की आशंका हो, तो इसकी सूचना तुरंत स्वास्थ्य विभाग को दें। सूचना देने वाले का नाम पूरी तरह गुप्त रखा जाएगा और सूचना सही पाए जाने पर सरकार की ओर से एक लाख रुपये तक का इनाम भी दिया जाएगा।



**राजौंद।** सीएचसी में 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत आशा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते डॉ. संदीप सिंह।

# एक यूनिट रक्त बचा सकता है कई अनमोल जिंदगियां : चंद्रपाल

- महाराजा अग्रसेन मंदिर में लगाया रक्तदान शिविर

**उचाना।** महाराजा अग्रसेन मंदिर परिसर में सामाजिक सरोकार को समर्पित रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में युवाओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कुल 95 यूनिट रक्तदान किया। थाना प्रभारी चंद्रपाल मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है और एक यूनिट रक्त कई जरूरतमंद मरीजों का जीवन बचा सकता है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से नियमित रूप से रक्तदान करने का आह्वान किया। शिविर के दौरान सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से रक्तदाताओं को हेलमेट भेंट कर यातायात नियमों का पालन करने का संदेश भी दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि रक्तदान के साथ-साथ सड़क सुरक्षा भी प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।



**उचाना।** रक्तदाता को सम्मानित करते हुए थाना प्रभारी चंद्रपाल।

# ग्रामीणों को समाज में बालिकाओं के अस्तित्व सुरक्षा एवं शिक्षा सुनिश्चित पर किया जागरूक

- खेड़ी राओवाली में हुआ बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

गांव खेड़ी राओ वाली के आंगनवाड़ी केंद्र में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी राजौंद डॉ. संदीप सिंह के मार्गदर्शन में "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान डॉ. फरमान अली ने अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए समाज में बालिकाओं के अस्तित्व, उनकी सुरक्षा और शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए लोगों को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य लैंगिक भेदभाव को समाप्त करना, भ्रूण हत्या पर रोक लगाना तथा बेटियों को आत्मनिर्भर बनाना है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को बेटियों के महत्व, उनकी शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही सभी ने मिलकर लिंग जांच न करवाने की शपथ ली। इस मौके पर एएनएम पूजा रानी, एमपीएचडब्ल्यू राकेश रोहिला और डॉ. फरमान अली द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया।



**राजौंद।** खेड़ी राओ वाली आंगनवाड़ी केंद्र में ग्रामीणों को जानकारी देते स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी।

## सभी देवताओं में केवल हनुमान सबसे शीघ्र होते हैं प्रसन्न : स्वामी मुक्तानंद



**नरवाना।** पतराम नगर स्थित दुर्गा मंदिर में चल रहे हनुमान चालीसा पाठ मे हरियाणा के विभिन्न शहरों के श्रद्धालुओं ने स्वामी मुक्तानंद के सानिध्य में हनुमान चालीसा का पाठ किया। दुर्गा मंदिर ट्रस्ट के सदस्य अचल मित्तल ने जानकारी दी कि 1501 हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इसके उपरांत स्वामी मुक्तानंद महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित हनुमान चालीसा की एक एक पंक्ति अमूल्य है।सभी देवताओं में हनुमान जी ऐसे हैं जो शीघ्रता से प्रसन्न हो जाते हैं।इसलिए तुलसीदास ने लिखा है कि और देवता चित्त न धरई,हनुमत सेई सर्व सुख करहिं।अनेक बडे बडे महात्मा और संत पुरुषों ने हनुमान चालीसा की दिव्य शक्तियों का बखान किया है।विदेशी लोग भी अब हनुमान चालीसा का पाठ करने लगे हैं और सनातन धर्म में आस्था व्यक्त करने लगे हैं।यह हमें कुमति से सुमति की ओर ले जाता है। और जहाँ सुमति है, वहां नाना प्रकार की सुख-समृद्धि है।हनुमान चालीसा का पाठ हमें स्वयं और समाज के कल्याण की मंगल भावना के साथ करना चाहिए। इस अवसर पर राजेन्द्र ,रामनिवास,नरेश कुमार,अनिल टीना,धर्मवीर गोयल,अनंत सिंगला,संजय सिंगला,अचल मित्तल,ज्ञान बिंदलिश,सतपाल सत्यनारायण बंसल,राजेन्द्र पाई वाला आदि मौजूद रहे।

**बैठक** जनसंवाद की समीक्षा बैठक में डीसी ने अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

# विकास कार्यों एवं लंबित मामलों का शीघ्र निपटान करें अधिकारी : डीसी

सभी अधिकारी जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का करें निर्वहन : डॉ.शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा सरकार द्वारा संचालित जनसंवाद कार्यक्रम के तहत प्राप्त शिकायतों एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा को लेकर उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा ने कहा कि जनसंवाद कार्यक्रम सरकार की प्राथमिकता वाली पहल है, जिसके माध्यम से नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। ऐसे में सभी अधिकारी पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। इस अवसर पर एडीसी प्रदीप कौशिक, एसडीएम सत्यवान सिंह मान, सीटीएम मोनिका रानी, डीडीपीओ संदीप भारद्वाज, डीएफओ पवन ग्रोवर समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इससे पूर्व जन संवाद कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग के आयुक्त एवं सचिव शेखर विद्यार्थी ने जिला उपायुक्तों के साथ वर्चुअल बैठक कर जरूरी दिशा निर्देश दिए।



**जींद।** बैठक में दिशा-निर्देश देते हुए डीसी।

### शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण समाधान करें अधिकारी

डीसी डा. वैशाली शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान प्राप्त सभी शिकायतों एवं लंबित मामलों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। प्रत्येक विभाग अपने स्तर पर लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा करे तथा निर्धारित समय.सीमा के भीतर उनका निपटान करे। डीसी ने कहा कि विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों में भी तेजी लाई जाए तथा उनकी गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि विकास परियोजनाओं की नियमित निगरानी करें ताकि कार्य निर्धारित समय में पूर्ण होकर आमजन को उनका लाभ मिल सके। बैठक में डीसी ने पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का तथ्यों के आधार पर निष्पक्ष एवं संतोषजनक समाधान किया जाए। संबंधित अधिकारी शिकायतों के निस्तारण के लिए निर्धारित समय.सीमा का कड़ाई से पालन करें तथा शिकायतकर्ता को समाधान की पूरी जानकारी उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि जनसंवाद कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करना तथा शासन और जनता के बीच विश्वास को मजबूत करना है।

## बंद मकान में दूसरी बार किया चोरी का प्रयास

**कैथल।** ककराला अनायत स्थित डेरा दारा सिंह में बंद पड़े मकान में चोरों ने दोबारा से चोरी करने की कोशिश की। आरोप है कि चोर मकान के पीछे लगे शटर को तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम देना चाहते थे। मौके से कुछ दूरी पर एक लावारिस बाइक भी मिली है, जिसे चोरों की होने की आशंका जताई जा रही है। सीवन थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत में गांव रामदासपुरा, सैर निवासी हरि सिंह ने बताया कि उसकी बेटी दलजीत कौर की शादी ककराला अनायत डेरा दारा सिंह निवासी हरजीत सिंह के साथ हुई है। उसकी बेटी और दामाद कई सालों से जर्मनी में अपने बच्चों के साथ रह रहे हैं। डेरा दारा सिंह स्थित उनके मकान की देखरेख वह स्वयं करता है।

## खबर संक्षेप

### जमीनी विवाद में एक ही परिवार के तीन घायल

**कैथल।** गांव बुबकपुर में जमीन विवाद को लेकर एक ही परिवार के तीन लोगों पर हमला कर दिया। आरोप है कि 6 नामजद आरोपियों सहित 15-20 अन्य लोगों ने लाठी, डंडे और गंडासी से हमला कर दिया। इस हमले में तीनों लोग घायल हो गए। पीड़ित ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने उसके मोबाइल और 50 हजार रुपए भी छीन लिए। गुहला थाना पुलिस ने 7 नामजद समेत अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को गांव बुबकपुर निवासी बूटा सिंह ने शिकायत की है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**कैथल।** पूंडरी में सौंगल-भाना रोड पर तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान करनाल जिले के गांव रंगरुट्टी खेड़ा निवासी 32 साल के सोनू के रूप में हुई है, जो मजदूरी का काम करता है। पुलिस को दी शिकायत में सोनू ने बताया कि 21 जून को वह अपनी बुआ के घर कैथल आया हुआ था। दोपहर करीब 3:10 बजे बाइक से वापस लौटते समय गांव भाना से कुछ पहले पीछे से तेज गति और लापरवाही से आ रही एक सफेद कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी।

### सतविंदर ढिल्लों बने जिला संयोजक

**जींद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हरियाणा प्रांत की बैठक प्रांत अभ्यास वर्ग महेंद्रगढ़ में संपन्न हुई। चार दिवसीय प्रांत स्तरीय अभ्यास वर्ग में हरियाणा के विभिन्न जिलों, विश्वविद्यालय इकाइयों और संगठनात्मक दायित्वों से जुड़े कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। इसी क्रम में संगठनात्मक विस्तार एवं आगामी दायित्वों की घोषणा करते हुए जींद विश्वविद्यालय ईकाई अध्यक्ष सतविंदर ढिल्लों को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, जींद का जिला संयोजक बनाए जाने की घोषणा की गई।

### खरीद पर उठे सवालों की निष्पक्ष जांच कराएं

**नरवाना।** सिरसा लोकसभा क्षेत्र की सांसद, पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने हरियाणा के शिक्षा विभाग में सरकारी स्कूलों के लिए विज्ञान प्रयोगशाला (साइंस लैब) किट की खरीद को लेकर मीडिया में प्रकाशित खबरों पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। कुमारी सैलजा ने कहा कि मीडिया रिपोर्टों के अनुसार प्रदेश के 729 सरकारी स्कूलों के लिए खरीदी गई साइंस लैब किट में अनेक उपकरण बाजार और सरकारी खरीद पोर्टलों पर उपलब्ध कीमतों की तुलना में कई गुना अधिक दरों पर खरीदे गए। उन्होंने मामले की जांच की मांग की है।

### यूपीआईडी को हैक कर खाते से उड़ाए 2.37 लाख

**जींद।** गांव मोहम्मद खेड़ा के व्यक्ति का मोबाइल फोन हैक कर उसकी यूपीआईडी का दुरुपयोग कर साइबर ठगों ने दो लाख 37 हजार रुपये खाते से उड़ा लिए। सहदेव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह एसबीआई पिल्लूखेड़ा बैंक का उपभोक्ता है। छह जून को उसके फोन पर अज्ञात नंबर से कॉल आई थी। जिसको उसने रिसीव किया तो कोई आवाज नही आई। जिसके बाद उसका मोबाइल फोन बंद हो गया। जिसके बाद फोन को सॉफ्टवेयर भी अपडेट हो गया। गत दस जून को वह जरूरत पडऩे पर एटीएम से राशि निकलवाने गया तो खाते में रुपये नही थे।

### हर पात्र का नाम मतदाता सूची में शामिल करें

**जींद।** विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक शुद्धए अपडेट और विश्वसनीय बनाना है। डीसी ने बताया कि एसआईआर किसी भी पात्र मतदाता का नाम हटाने की प्रक्रिया नही है बल्कि यह मृत व्यक्तियों के नामए दोहरी प्रविष्टियों और स्थानांतरित मतदाताओं की पुरानी जानकारी को अपडेट करने की वैधानिक प्रक्रिया है। उन्होंने बताया कि एसआईआर के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाता है कि हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज हो।

---

### बेटियों की शिक्षा में रुकावट किसी भी कीमत पर नहीं करेंगे बर्दाश्त: राणा

# छात्रा को परीक्षा से वंचित करने पर निजी स्कूल की मान्यता रद्द करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

**जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने की 12 शिकायतों की सुनवाई**

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने शुक्रवार को आरकेएसडी कालेज के सभागार में आयोजित जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में 12 मामलों की सुनवाई की, जिनमें से छह शिकायतों का मौके पर निपटारा किया गया, जबकि छह को अगली बैठक के लिए लंबित रखा गया। एक मामले की सुनवाई करते हुए मंत्री ने फीस के लिए परीक्षा की अनुमति न देने वाले विद्यालय की मान्यता रद्द करने के निर्देश दिए। साथ ही तीन मामलों में कमेटी गठित कर जांच के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान शिक्षा विभाग से संबंधित एक मामला सबसे अधिक चर्चा का विषय रहा। गांव गुलियाणा निवासी विधवा पूनम देवी ने शिकायत दी कि आर्थिक तंगी के कारण फीस जमा न होने पर काकौत के एक निजी स्कूल ने उनकी बेटी को पांचवीं कक्षा की परीक्षा देने से रोक दिया तथा स्कूल से निकाल दिया। इतना ही नहीं, स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र (एसएलसी) देने के लिए भी 30 हजार रुपये पुरानी स्कूल फीस जमा कराने की शर्त रखी गई। जिला शिक्षा विभाग ने बताया कि छात्रा का दूसरे विद्यालय में दाखिला करा दिया गया है, लेकिन कृषि मंत्री ने इस पूरे मामले को अत्यंत गंभीर मानते हुए संबंधित स्कूल की मान्यता रद्द करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की भावना के विपरीत किसी बेटी की शिक्षा में बाधा डालना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शिक्षा विभाग इस स्कूल की मान्यता रद्द करने के लिए आला अधिकारियों को लिखें। गांव तितरम निवासी संदीप मलिक की धोखाधड़ी से संबंधित शिकायत थी। यह मामला माननीय न्यायालय में लंबित होने के कारण कोर्ट के निर्णय के अनुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इस शिकायत का निपटान कर दिया गया। गांव पाई के थेह बरेला में इंदिरा गांधी ग्रामीण आवास योजना के प्लॉटों पर लगे अवैध ट्यूबवेल कनेक्शनों के मामले में बिजली विभाग को एक माह के भीतर सभी कनेक्शन हटा कर जमीन खाली करवाने के निर्देश दिए। साथ ही आवश्यकता पड़ने पर पंचायत विभाग द्वारा निशानदेही करवाने के आदेश दिए गए।



**कैथल।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा कैथल में लोगों की शिकायत सुनते हुए। *फोटो: हरिभूमि*



#### ऑफर लेटर नहीं मिलने की शिकायत

अशोका गार्डन निवासी इंद्रजीत की शिकायत थी कि सेक्टर-21 में आवंटित किए गए एक प्लॉट की सभी किस्तें जमा करने के बावजूद एचएसवीपी कार्यालय पजेशन ऑफर लेटर नहीं दिया गया है। मंत्री ने मामले की सुनवाई करते हुए एडीसी, ईओ एचएसवीपी एवं जिला कष्ट निवारण समिति के गैर-सरकारी सदस्य गोपाल सैनी की संयुक्त समिति बनाकर पूरे मामले की जांच करने के निर्देश दिए। मामले को लंबित रखा गया।

#### नियम तोड़कर बनाया टीन शेड

सेक्टर 19 निवासी धर्मवीर की शिकायत थी कि पड़ोसी द्वारा नियमों का उल्लंघन कर 22 फुट ऊंची अवैध दीवार और 8 फुट का टीन शेड बना लिया है। इससे प्रार्थी के घर की धूप, हवा और प्राइवेसी खत्म हो गई है। एचएसवीपी कार्यालय और सीएम विंडो पर शिकायत के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। जिस मंत्री ने सुनवाई करते हुए कहा कि यह मामला कोर्ट में विचाराधीन है। जैसे ही फैसला आएगा, विभाग नियमानुसार कार्रवाई करना सुनिश्चित करेगा। मामले को अगली बैठक के लिए लंबित रखा गया।

#### सरकारी रास्ते पर अतिक्रमण करने की शिकायत

गांव ढांड निवासी सुरेंद्र सिंह व अन्य राइस मिलर्स द्वारा सरकारी रास्ते पर अतिक्रमण और 11 हजार वोल्ट बिजली लाइन हटाने की शिकायत दी थी। जिस पर लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता द्वारा बताया गया कि रास्ते की निशानदेही हो चुकी है और बिजली के खंभों को शिफ्ट करने के लिए बिजली विभाग को भी पत्र लिखा जा चुका है। इस पर मंत्री ने रास्ता पक्का करने के लिए एस्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए। मामले का निपटारा कर दिया गया।

---




**कैथल।** नारेबाजी कर रोष जताते बिजली कर्मचारी *फोटो: हरिभूमि*

## अपनी मांगों को लेकर बिजली कर्मचारियों ने की नारेबाजी

- लंबे समय में लंबित हैं मांगें, नहीं हो रही कोई सुनवाई, कर्मियों को झेलनी पड़ रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

आल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन की गेट मीटिंग 16वे दिन भी कार्यकारी अभियंता ऑपरेशन कैथल के खिलाफ जारी रही। आज गेट मीटिंग की अध्यक्षता सब यूनिट सिटी 1 प्रधान भारत कुकरेजा ने की और मंच संचालन अमरदीप बनवाला यूनिट प्रधान ने की। मीटिंग को संबोधित करते हुए मंच संचालक अमरदीप बनवाला ने कहा कि एक्सियन ऑपरेशन कैथल मनीष कुमार यूनियन को लिख कर देता है कि ऑफिस में लाईनमैन बैठाए हुए हैं क्योंकि क्लेरिकल कर्मचारी कम है इसके बावजूद भी कर्मचारियों के काम महीनों छोड़ो सालों तक पेंडिंग रहते हैं। इसको लगातार यूनियन मिलकर भी और लेटर पैड पर भी लगातार दिए गए लेकिन फिर आज तक कोई काम नहीं हुआ और केवल ठेकेदार के काम होते हैं दूसरे कर्मचारियों के नहीं। इसकी वजह मोटी कमाई है। अगर बात करे कर्मचारियों के कामों की तो पिछले दिनों मुकेश एस.ए. वेंटिलेटर पर ही अपने प्राण त्याग गया और उसको कैथल डिविजन की वजह से मेडिकल एडवांस नहीं मिला। ऐसे ही राकेश जे.ई को कई सालों से एसीपी पेंडिंग है और वो डिविजन ऑफिस के धक्के खाता फिर रहा है। कैथल डिविजन में पेनशनर अपने कार्यों के लिए धक्के खाने को मजबुर है,मेडिकल बिल चार महीने के पैंडिंग,सुरेन्द्र शर्मा लाइनमैन 2024 में एक्सपायर हुआ था 11/2025 से एन.पी.एस फार्म भी आज तक डिविजन में पड़े हुए हैं बच्चे अनाथ है ग्रेच्युटी पैंडिंग है और बच्चे भीख मांगने पर मजबुर है, एसीपी कर्मचारियों की सालों लम्बित पड़ी है, शोकाज/ चार्जशीट/ इनक्वायरी कमैनट वर्षों से लम्बित पड़े हैं जिससे फिल्ड में कार्यरत कर्मचारी मानसिक तनाव में हैं।

#### ये रहे मौजूद

आज की गेट मीटिंग में अनिल सैनी लाईन मैन, विक्रम रोहेड़ा, नरेंद्र बेलारखा, जितेंद्र एसए, भीम लाइनमैन, राजबीर एसए लैंडर कीमा, बलबीर सिंह, पवन एएसएसए, दिलबाग लाईन मैन, दलबीर डुल,मनोज लाईन मैन,कृष्ण जे ई, उमेद डूमरखां, अंकुश लाईन मैन आदि कर्मचारी साथियों ने भाग लिया।

---

## ड्रेनों की सफाई जल्द पूरी करवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭कलायत

बैठक के दौरान एसडीएम अजय हुड्डा ने ड्रेनों की नियमित एवं प्रभावी सफाई सुनिश्चित करने, जलभराव की संभावित समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर करने तथा आमजन से प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि मानसून के दृष्टिगत सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए अपने-अपने कार्यों का नियमित निरीक्षण करें तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि फील्ड में आने वाली समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा जहां किसी प्रकार की बाधा या विशेष कार्रवाई की आवश्यकता हो, उसकी सूचना तत्काल प्रशासन को उपलब्ध कराई जाए ताकि समय रहते आवश्यक कदम उठाए जा सकें। बैठक में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए गए कि ड्रेनों की सफाई एवं अन्य विकासात्मक व रखरखाव संबंधी कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करें तथा कार्यों की प्रगति से समय-समय पर अवगत कराते रहें, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।



**कलायत।** एसडीएम अजय हुड्डा अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

## सियासी पिच पर धुआंधार बैटिंग कर रहे अत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭उचाना

हरियाणा की सबसे चर्चित और हॉट सीटों में शुमार उचाना विधानसभा क्षेत्र से विधायक बने देवेंद्र चतरभुज अत्री इन दिनों बांगर की राजनीतिक पिच पर धुआंधार बैटिंग करते नजर आ रहे हैं। महज दो वर्षों के कार्यकाल में ही उन्होंने अपने मिलनसार स्वभावए सरल व्यवहार और क्षेत्र में लगातार सक्रियता के चलते आमजन के बीच विशेष पहचान बनाई है। उचाना विधानसभा सीट का राजनीतिक इतिहास हमेशा से प्रदेश की राजनीति का केंद्र रहा है। इसी सीट से पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला चुनावी मैदान में थे, जबकि कांग्रेस के दिग्गज नेता बृजेंद्र सिंह भी मुकाबले में थे। ऐसे कड़े और प्रतिष्ठित मुकाबले में देवेंद्र चतरभुज अत्री ने दोनों बड़े नेताओं को पराजित कर जीत हासिल की और प्रदेशभर में अपनी राजनीतिक उपस्थिति दर्ज कराई। विधायक बनने के बाद अत्री ने क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देते हुए सड़कए पेयजलए शिक्षाए स्वास्थ्य और जनसुविधाओं से जुड़े कार्यों पर विशेष ध्यान दिया है। वे लगातार गांव.गांव जाकर लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं और समाधान के प्रयास कर रहे हैं। यही कारण है कि कम समय में ही उनकी लोकप्रियता का ग्राफ तेजी से बढ़ा है।



**उचाना।** बुजुर्ग की समस्या सुनते विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

#### विधायक ने चुनौती को अवसर में बदला

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि उचाना जैसे महत्वपूर्ण विधानसभा क्षेत्र में जनता के बीच लगातार सक्रिय रहना और विकास कार्यों को गति देना किसी भी जनप्रतिनिधि के लिए बड़ी चुनौती होती है। देवेंद्र अत्री इस चुनौती को अवसर में बदलते हुए विकसित उचाना के अपने संकल्प को धरातल पर उतारने में जुटे हुए हैं। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने कहा कि आम परिवार के बेटे को विधानसभा भेजने का काम हलके के मतदाताओं ने किया। पूरा हलका उनका परिवार है। हलके के लोगों की सेवा करना दायित्व है जिसको वो निभा रहे है।

---

## विदेश भेजने के नाम पर ठगी का आरोपी गिरफ्तार

- ऑस्ट्रेलिया भेजने का झांसा देकर 11 लाख रुपये की धोखाधड़ी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

विदेश भेजने के सब्जबाग दिखाकर आमजन से ठगी करने वालों के खिलाफ एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के आदेशानुसार कैथल पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। ऐसे ही ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर 11 लाख रुपए की ठगी करने के मामले की जांच एंटी एमिग्रेशन सैल प्रभारी पीएसआई शुभ्रांशु की अगुवाई में एएसआई रणधीर सिंह की टीम द्वारा आरोपी दिल्ली निवासी कासिम मोहम्मद को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की ढांड निवासी सोहन लाल कि शिकायत अनुसार वह साल 2022 में सिंगापुर पढ़ाई के लिए गया था और वहां अपनी पढ़ाई नियमित रूप से कर रहा था। दिसंबर 2023 में उसकी वाट्सएप के माध्यम से पंजाब के होशियारपुर निवासी साहिल कुमार, परौली गांव रावतपुर कानपुर यूपी के दीपेंद्र सिंह और दिल्ली के कासिम मोहम्मद से बातचीत हुई। तीनो ने दावा किया कि वे युवकों को विदेश भेजने का काम करते हैं और उसको सिंगापुर से ऑस्ट्रेलिया भेज देंगे। इसके लिए उन्होंने 12 लाख रुपये की मांग की। जनवरी 2024 में आरोपियों ने ढांड आकर उसके पिता से बातचीत की और भरोसा दिलाया कि वे सोहन लाल को सिंगापुर से ऑस्ट्रेलिया भेज देंगे। आरोपियों ने परिवार से पासपोर्ट की कॉपी और तीन लाख रुपये ले लिए। इसके बाद परिवार ने अतिरिक्त आठ लाख रुपये आरोपियों के खातों में भेज दिए। उन्होनें बाद में उसको ऑस्ट्रेलिया का वीजा भेजा।



**कैथल।** धोखाधड़ी का आरोपी एंटी एमिग्रेशन सेल की गिरफ्त में।

#### इंडोनेशिया में पता चला नकली है वीजा

जनवरी 2024 को वह वीजा पर भरोसा कर सिंगापुर से इंडोनेशिया गया। वहां तीनों ने उसे करीब 10 दिन तक रखा। जब उसने इंडोनेशिया एंबेसी में वीजा दिखाया, तो पता चला कि वीजा नकली है। इसके बाद 24 जनवरी को वह भारत वापस आया। तीनों ने उसके साथ धोखाधड़ी करते हुए 11 लाख रुपये की ठगी की है। जिस बारे थाना ढांड में मामला दर्ज कर लिया गया। आरोपी भी उक्त धोखाधड़ी की वारदात में शामिल था। आरोपी को अदालत में पेश किया जाएगा, जिससे पूछताछ की जा रही हैं।

## गांजा फूल पत्ती सहित आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

सीआईए कलायत द्वारा थाना कलायत क्षेत्र से आरोपी को काबू कर लिया गया। जिसके कब्जे से 1 किलो 150 ग्राम गांजा फूल-पत्ती बरामद हुई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की सीआईए कलायत प्रभारी एएसआई मनीष कुमार सिंह की अगुवाई में एएसआई राजीव सिंह की टीम गश्त व मादक पदार्थों की तलाश के सिलसिले में कलायत बाईपास बालू रोड हाईवे कट्ट के पास मौजूद थी।

इसी दौरान एक गुप्त सूचना मिली कि कलायत निवासी रिंकू नशा तस्करी का धंधा करता है जो अभी नशीला पदार्थ गांजा फूल पत्ती लेकर पैदल पैदल कलायत से बालू रोड़ की तरफ आने वाले हैं। जिन्हें उक्त रोड़ पर नाकाबंदी करके काबू किया जा सकता हैं। सूचना विश्वसनीय होने के कारण पुलिस टीम द्वारा मुस्तैदी का परिचय देते हुए कलायत से बालू रोड़ पर अपना छुपाव करते हुए निगरानी शुरू की गई। कुछ समय बाद बताए हुलिया अनुसार एक व्यक्ति कलायत से बालू रोड़ की तरफ आता हुआ दिखाई दिया। जिन्होनें पुलिस टीम को देखकर वापिस मुड़कर भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस की सूझबूझ से आरोपी को मौके पर ही काबू कर लिया गया। जिसकी पहचान उपरोक्त कलायत निवासी रिंकू के रूप में हुई। सूचना उपरांत मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार कलायत महेश कुमार के समक्ष ली गई। तलाशी दौरान आरोपी के कब्जे में पॉलीथिन से 1 किलो 150 ग्राम गांजा फूल पत्ती बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ थाना कलायत में मामला दर्ज करके मौके पर पहुंचे एएसआई सुभाष द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया।



**कैथल।** नशा तस्कर सीआईए कलायत पुलिस की गिरफ्त में। *फोटो: हरिभूमि*

---

### सोनीपत के गेटवे इंटरनेशनल स्कूल में कवि-सम्मेलन में मिला सम्मान

## कैथल के चार साहित्यकार सोनीपत में हुए सम्मानित

- अखिल भारतीय साहित्य परिषद् हरियाणा के तत्वावधान में हुए कवि सम्मेलन में सबने की प्रशंसा

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

अखिल भारतीय साहित्य परिषद् , हरियाणा के तत्त्वावधान में परिषद् की सोनीपत इकाई द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित प्रांतीय कवि-सम्मेलन में परिषद् की ज़िला इकाई के अध्यक्ष डा. तेजिंद्र, ज़िला महा मंत्री सतपाल पराशर आनन्द, प्रचार मंत्री राजेश भारती और आजीवन सदस्य सुरेश कुमार कल्याण को प्रांत परिषद् द्वारा दिये गये विषयों पर अध्ययन, चिंतन, मनन और काव्य-लेखन के लिए, प्रांतीय कवि-सम्मेलन में सहभागिता और उत्तरदायित्व के निर्वहन के लिये कैथल के चार कवियों को सम्मानित किया गया। सोनीपत के गेटवे इन्टरनेशनल स्कूल में आयोजित इस कवि-सम्मेलन में साहित्य सभा कैथल से जुड़े इन चारों साहित्यकारों को अंग-वस्त्र पहनाकर, प्रशस्ति-पत्र,स्मृति-चिह्न और पंच मुरब्बा प्रोजेक्ट भेंट कर सम्मानित किया गया।

इन चारों कवियों को यह सम्मान स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान के आयुर्वेदाचार्य डा. धर्मवीर मलिक योगी, अखिल भारतीय साहित्य परिषद् ,हरियाणा के पूर्व प्रांत अध्यक्ष प्रोफ़ेसर सारस्वत मोहन मनीषी और राष्ट्रीय साधना काव्य संध्या के राष्ट्रीय संयोजक प्रवीण आर्य के कर-कमलों से प्राप्त हुआ।



**कैथल।** प्रांतीय कवि-सम्मेलन के दौरान अपने-अपने प्रशस्ति-पत्र के साथ कैथल के सम्मानित हुए कवि।

## भ्रष्टाचार और महंगाई को लेकर भाजपा सरकार पर खड़े किए गंभीर सवाल

**कैथल।** कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने हरियाणा की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए प्रदेश में भ्रष्टाचार और बेकाबू महंगाई को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। सुरजेवाला ने कहा कि एक तरफ तो प्रदेश के सरकारी स्कूलों में बच्चों के भविष्य को संवारने के नाम पर करोड़ों रुपए का खुला डाका डाला गया है, वहीं दूसरी तरफ कमरतोड़ महंगाई के कारण गरीब और मध्यम वर्ग के लिए अपने सिर पर एक छत बनाना भी असंभव हो गया है। सांसद रणदीप सुरजेवाला ने शिक्षा विभाग में हुए एक बड़े कथित घोटाले का पर्दाफाश करते हुए कहा कि हरियाणा के सरकारी स्कूलों में बच्चों के बजट पर सरेआम डाका डाला गया है। उन्होंने कहा कि जो कैपिलरी ट्यूब बाजार में मात्र 5 की मिलती है, उसे 17 गुना महंगे दामों पर 84 में खरीदा गया। इसी तरह 201 के मीटर ब्रिज को 2100 की अत्यधिक ऊंची दर पर खरीदा गया। जीईएम पोर्टल, इंडियामार्ट और अमेजन जैसी प्रमाणित साइट्स पर उपलब्ध सस्ते दामों की जानबूझकर अनदेखी की गई। इसके साथ-साथ सबसे कम बोली लगाने वाली योग्य फर्म (एल-1) को जानबूझकर साइडलाइन कर दिया गया। किसी खास वेंडर को फायदा पहुंचाने के लिए मात्र 15 दिनों की हड़बड़ी में 21 करोड़ का भारी-भरकम टेंडर पास किया गया। सुरजेवाला ने कहा कि प्रदेश के 729 स्कूलों की लैब के लिए भेजी गई ये करोड़ों की महंगी किट पिछले 2 साल से बंद पड़ी धूल फांक रही हैं। सुरजेवाला ने सवाल उठाया कि बच्चों की शिक्षा के बजट को लूटने वाले इन भ्रष्ट अधिकारियों और ठेकेदारों के गठजोड़ पर सरकार विजिलेंस या सीबीआई जांच कब बिठाएगी।



रणदीप सुरजेवाला

## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक करें आवेदन

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने बताया कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 2026 के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी है। इसका उद्देश्य उन बच्चों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करना है, जिन्होंने कम उम्र में विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियां हासिल की हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है।

### मंत्री बेदी आज विकास कार्यों का करेंगे उद्घाटन

**नरवाना।** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी 27 व 28 जून को अपने विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम के अनुसार कैबिनेट मंत्री शनिवार को गांव फरैन कलां में प्रातः 11 बजे पहुंचेंगे। इस अवसर पर वह ग्राम सचिवालय तथा राजकीय पशु औषधालय का शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा गांव में नवनिर्मित गलियों का उद्घाटन भी करेंगे। तत्पश्चात शनिवार को ही पांच बजे नरवाना में टोहाना रोड स्थित वाल्मीकि आश्रम में ज्ञानदीप पुस्तकालय का लोकार्पण भी करेंगे। इसी प्रकार 28 जून को कैबिनेट मंत्री गांव बिधराना में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम ग्रामीणों के साथ प्रातः 11 सुनेंगे। इसके अलावा कैबिनेट मंत्री ग्राम सचिवालय का शिलान्यास और गांव में नवनिर्मित गलियों का उद्घाटन भी करेंगे।

## रानी तालाब के सौंदर्यीकरण से अद्भुत नजर आएगी जींद की विरासत

# शहरी श्मशान घाटों के विकास के लिए 5.63 करोड़ मंजूर : डॉ. मिड्ढा

***डिप्टी स्पीकर ने जनता दर्शन दरबार लगा सुनी आमजन की समस्याएं***

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। जनता दरबार में लोगों की समस्याएं सुनते हुए डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार प्रत्येक जिले में समान रूप से विकास कार्य करवा रही है, जिसका लाभ सीधे आमजन तक पहुंच रहा है। जींद जिले के शहरी श्मशान घाटों के विकास कार्यों के लिए प्रदेश सरकार ने पांच करोड़ 63 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की है। इस राशि से श्मशान घाटों में चारदीवारी, शेड निर्माण तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का विकास किया जाएगा।

डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा शुक्रवार को लोक निर्माण विश्राम गृह में आयोजित जनता दरबार में लोगों की समस्याएं सुनने के बाद उपस्थित नागरिकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं स्थायी समाधान सुनिश्चित करना है। जिला स्तर पर संबंधित अधिकारी मौके पर ही समस्याओं का समाधान कर रहे हैं, जबकि मुख्यालय स्तर से संबंधित मामलों को शीघ्र कार्रवाई के लिए भेजा गया है। उन्होंने कहा कि जींद शहर की ऐतिहासिक पहचान रानी तालाब के सौंदर्यीकरण का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। कार्य पूरा होने के बाद यह स्थल न केवल शहर की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहर के रूप में नई पहचान बनाएगा बल्कि स्थानीय नागरिकों और पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थलों को सुंदर और स्वच्छ बनाए रखने में जनसहभागिता भी उतनी ही आवश्यक है। इसलिए प्रत्येक नागरिक को अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जींद जिले को नौ-नौ नेशनल हाइवे होकर गुजरते हैं, आने वाले समय में जिले में औद्योगिक इकाइयां स्थापित होंगी, औद्योगिक इकाइयां स्थापित होने से युवाओं को स्वरोजगार के अवसर भी प्रदान होंगे। जींद विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण इलाकों में भी शहरों की तर्ज पर विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। गांवों की ढाणियों तक भी गलियों का निर्माण, पेजयल, बिजली, पार्कों का निर्माण भी करवाया जा रहा है ताकि ग्रामीण क्षेत्रों को भी मॉडल बनाया जा सके। डिप्टी स्पीकर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता की शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा प्रत्येक समस्या का समयबद्ध और स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए ताकि लोगों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रदेश के प्रत्येक नागरिक तक विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। सभी अधिकारी संवेदनशीलता के साथ कार्य करें ताकि लोगों को समय पर राहत मिल सके और शासन व प्रशासन के प्रति उनका विश्वास और मजबूत हो।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर मनोनीत पार्षद राममेहर, विपुल शर्मा, राकेश सिंढ़ौरा, बलमंत, डीएसपी रिषभ सोढ़ी, नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी सुशील कुमार, जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ रणबीर, बिजली विभाग के एसडीओ गुलशन कुमार सहित जिला प्रशासन के अधिकारी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# कांग्रेस छोड़ 6 लोगों ने थामा भाजपा का दामन, पटका पहना किया स्वागत

- पूर्व विधायक लीला राम के नेतृत्व में भाजपा में की ज्वाइनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल


कैथल। भाजपा में शामिल होते पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

भारतीय जनता पार्टी में आस्था जताते हुए छह लोगों ने कांग्रेस छोड़कर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कैथल के पूर्व विधायक लीला राम के नेतृत्व में आयोजित जॉइनिंग कार्यक्रम में भाजपा कैथल जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी की अध्यक्षता में तथा जॉइनिंग कमेटी के सदस्य एवं कैथल भाजपा जिला प्रभारी अमरपाल राणा, मुनीष कठवाड़ की गरिमामयी उपस्थिति में सभी नए साथियों का भाजपा परिवार में पटका पहनाकर स्वागत किया गया। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में दीपक शर्मा कलायत, कुलदीप सिंह राणा राजौंद, कृष्ण कुमार चौशाला, रमेश कुमार बाकल, राजेश कुमार सजुमा तथा नवीन कुमार मुंदड़ी शामिल रहे।

इस अवसर पर उपस्थित नेताओं ने कहा कि भाजपा की राष्ट्रहित एवं जनसेवा की विचारधारा से प्रभावित होकर विभिन्न वर्गों के लोग निरंतर पार्टी से जुड़ रहे हैं। उन्होंने सभी नए सदस्यों का स्वागत करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे संगठन को और अधिक मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

# सांसद नवीन जिंदल ने निःक्षय मित्र के रूप में निभाया अपना कर्तव्य : धर्मवीर

- चयनित 100 मरीजों को लगातार 6 महीने तक पोषण सामग्री उपलब्ध कराई गई, 85 का इलाज पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

टीबी से मुक्ति के लिए प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान पूरे देश में चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सांसद नवीन जिन्दल ने निःक्षय मित्र के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए, कुरुक्षेत्र और कैथल जिलों में 100 टीबी मरीजों को चिन्हित कर गोद लिया था। दोनों जिलों में उपचार के दौरान उन्हें प्रत्येक महीने पोषण सामग्री और उचित मार्गदर्शन उपलब्ध कराया गया था। इस मुहिम के सफल संचालन के परिणामस्वरूप दोनों जिलों के सहयोग प्राप्त करने वाले 100 में से 85 मरीज सफलतापूर्वक अपना इलाज पूरा कर चुके हैं। ये मरीज अब टीबी मुक्त होकर स्वस्थ जीवन की ओर लौट चुके हैं तथा समाज की मुख्यधारा से जुड़ गए हैं।


नवीन जिंदल

सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल ने निःक्षय मित्र के रूप में अपना कर्तव्य निभाया है। उनके मार्गदर्शन में इस अभियान के अंतर्गत चयनित 100 मरीजों को लगातार 6 महीने तक पोषण सामग्री उपलब्ध कराई गई थी। इसके साथ-साथ नियमित रूप से उनकी काउंसलिंग और मार्गदर्शन भी कराया गया था ताकि मरीजों का मनोबल बना रहे और वे अपना इलाज पूरी प्रतिबद्धता के साथ पूरा कर सकें। उन्होंने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल जनहित और समाज कल्याण से जुड़े महत्वपूर्ण अभियानों में सक्रिय सहयोग देते रहे हैं ताकि क्षेत्र के अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाई जा सके।

# पहला कदम फाउंडेशन ने नशे के दुष्प्रभावों को लेकर किया जागरूक



जींद। नशा मुक्ति का संदेश देते हुए राजेश वशिष्ठ।

**जींद।** समाज में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति के खिलाफ और युवा पीढ़ी को इस दलदल से बाहर निकालने के संकल्प के साथ आज पहला कदम फाउंडेशन द्वारा अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के अवसर पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हाउसिंग बोर्ड कालोनी स्थित जिला कार्यालय पर आयोजित इस कार्यक्रम में संस्था के पदाधिकारियों, समाजसेवियों और स्थानीय प्रबुद्ध नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत करना और एक नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए सामूहिक प्रयास शुरू करना था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पहला कदम फाउंडेशन के नेशनल प्रेजिडेंट राजेश वशिष्ठ ने बेहद गंभीर और चिंताजनक विषय पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नशा एक महामारी की तरह हमारे समाज को खोखला कर रहा है।

# नशा जटिल दिमागी बीमारी, इलाज संभव : डॉ. विकास

- अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर अपील, अभिभावक बच्चों के तनाव को समझें : डॉ. फौगाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हर साल नशा मुक्ति दिवस मनाने का उद्देश्य केवल रैलियां निकालना या नारे लगाना नहीं है, बल्कि समाज को इस कड़वी सच्चाई से रूबरू कराना है कि नशा हमारे युवाओं को अंदर से खोखला कर रहा है। हरियाणा, विशेषकर हमारे जींद और आसपास के क्षेत्रों में पिछले कुछ वर्षों में नशे की प्रवृत्ति के कई मामले लगातार सामने आ रहे हैं। आशीर्वाद अस्पताल के एमडी डॉ. विकास फौगाट ने कहा कि एक मनोचिकित्सक के रूप में रोज मेरे सामने ऐसे परिवार आते हैं जो हंसते-खेलते थे लेकिन किसी एक सदस्य की नशे की लत ने पूरे घर को बर्बाद कर दिया। हमारे समाज में आज भी माना जाता है कि नशा करने वाला व्यक्ति बदचलन है या उसमें इच्छाशक्ति की कमी है। लोग उसे डांटते हैं, कमरे में बंद कर देते हैं या समाज से बहिष्कृत कर देते हैं। डॉ. विकास कहते हैं कि नशा कोई नैतिक कमजोरी नही बल्कि एक जटिल दिमागी बीमारी है। उसके दिमाग का केमिकल बैलेंस विशेषकर डोपामाइन बदल जाता है। इस वजह से नशे के आदी को ताने नहीं इलाज की जरूरत है। समय पर लक्षण पहचाने जाने पर इलाज संभव है।

**नशा केवल भ्रम पैदा करता है, समाधान नहीं**


डॉ. विकास फौगाट।

डॉ. विकास फौगाट ने कहा कि नशा किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। चाहे वह पढ़ाई का तनाव हो, बेरोजगारी हो या दिल टूटना, नशा कुछ पलों का भ्रम देता है और बदले में पूरी जिंदगी छीन लेता है। अभिभावक अपने बच्चों के साथ दोस्तों जैसा व्यवहार करें, उनके तनाव को समझें। अगर आपको शक है कि आपका बच्चा किसी गलत राह पर है, तो उसे छुपाने या खुद सजा देने के बजाय किसी विशेषज्ञ मनोचिकित्सक से मिलें। बस इतना हमेशा याद रखें कि नशा मुक्ति संभव है। सही समय पर लिया गया एक सही फैसला, आपके अपनों की जिंदगी बचा सकता है।

**लक्षणों को शुरुआत में ही पहचानें**

डॉ. विकास फौगाट ने कहा कि अक्सर माता-पिता तब हमारे पास आते हैं जब पानी सिर से ऊपर जा चुका होता है। अगर आप अपने बच्चों में ये बदलाव देखें, तो तुरंत सतर्क हो जाएं। अचानक स्वभाव में चिड़चिड़ापन, गुस्सा या बात-बात पर झूठ बोलना। घर से पैसे या कीमती सामान का गायब होना। पुरानी सहेलियों, दोस्तों को छोड़कर अचानक नए और संदिग्ध दोस्तों के साथ उठना-बैठना। भूख और नींद के पैटर्न में अचानक बदलाव आना या तो बहुत ज्यादा सोना या बिल्कुल न सोना। आंखों का लाल रहना या हर समय सुस्ती छाए रहना।

## न्यूज डायरी



### युवा समाज में रोल मॉडल की भूमिका निभाएं : रंधावा

**जींद।** मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल में आयोजित सात दिवसीय जिला स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर के छठे दिन जिला परिषद के चेयरमैन प्रतिनिधि कुलदीप रंधावा मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित रहे। शिविर में पहुंचने पर एनएसएस जिला समन्वयक हंसबीर रेढू एवं विद्यालय परिवार ने मुख्यअतिथि का गर्मजोशी से स्वागत किया। कुलदीप रंधावा ने कहा कि प्रत्येक युवा को समाज में एक आदर्श नागरिक एवं रोल मॉडल की भूमिका निभानी चाहिए। इस अवसर पर सुरेंद्र सैनी, पवन, शशिकांत, श्रवण, मनोज, जय भगवान, मंजीत, मोनिका, श्वेता, सृष्टि एवं अंजलि सहित सभी कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयंसेवकों की टीम उपस्थित रही।



### राजकीय महाविद्यालय राजौंद में नशा मुक्ति अभियान के तहत विद्यार्थियों ने लिया संकल्प

**राजौंद।** राजकीय महाविद्यालय राजौंद में अंतरराष्ट्रीय मादक द्रव्य दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी विरोधी दिवस के उपलक्ष्य में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें बिंदु ने प्रथम, स्नेहा ने द्वितीय तथा शिवानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सहायक प्राध्यापक हंसराज शर्मा सहित अन्य शिक्षक एवं गैर-शिक्षण स्टाफ ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# कैथल के साहित्यकार प्रो. अनिल को मिले हरियाणा सरकार के दो प्रतिष्ठित सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल


कैथल। हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण साहित्यकार प्रो. अनिल कुमार सौदा को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

जिले के प्रख्यात साहित्यकार प्रो. अनिल कुमार सौदा को उनकी उत्कृष्ट साहित्यिक उपलब्धियों के लिए 24 जून को हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी भवन, पंचकूला के सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में दो प्रतिष्ठित सम्मानों से सम्मानित किया गया। समारोह में हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रो. अनिल कुमार सौदा को वर्ष 2021 की कहानी प्रतियोगिता में उनकी कहानी सूझवान मोती के लिए प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। इस सम्मान के तहत उन्हें 5,000 रुपये की सम्मान राशि तथा प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया। इसके अलावा वर्ष 2022 के लिए उनके बाल काव्य संग्रह ऐके दी बात को सम्मानित किया गया। इस पुरस्कार के अंतर्गत उन्हें 31,000 रुपये की सम्मान राशि के साथ प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रो. अनिल कुमार सौदा ने कहा कि इस सफलता का श्रेय वे अपने माता-पिता, गुरुजनों तथा भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर को देते हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने पीड़ित एवं वंचित समाज को अधिकार दिलाकर अवसर की समानता सुनिश्चित की।

## 28 से 30 जून तक चलेगा पल्स पोलियो अभियान : डॉ. गर्ग


डॉ.सुशील गर्ग एसएमओ उचाना जानकारी देते हुए।

**उचाना।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा 28 जून से 30 जून तक पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत जन्म से लेकर पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। इसके लिए विभिन्न बूथ स्थापित किए जाएंगे तथा स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर भी बच्चों को पोलियो की खुराक देंगी। करीब 14 हजार बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। 100 बूथ बनाए गए हैं तो घर-घर दवा पिलाने के लिए 154 टीमें बनाई गई हैं। ईंट भट्ठों एवं निर्माण कार्य चलने वाले स्थानों पर बच्चों को बनाई गई मोबइल टीमों के माध्यम से दवा पिलाई जाएगी। नागरिक अस्पताल एसएमओ डॉ. सुशील गर्ग ने कहा कि पोलियो एक गंभीर बीमारी है, जिससे बचाव केवल समय पर टीकाकरण और पोलियो की खुराक से ही संभव है। 28 जून को निर्धारित बूथों पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। जबकि 29 एवं 30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर.घर जाकर छूटे हुए बच्चों को कवर करेंगी। डॉ. गर्ग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने पांच वर्ष तक के बच्चों को नजदीकी पोलियो बूथ पर ले जाकर पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाएं। उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित नहीं रहना चाहिए।


पूंडरी। विधायक सतपाल जांबा से मुलाकात कर आभार व्यक्त करते पंजाबी समाज के प्रतिनिधि।

## पंजाबी समाज की महिला को पैक्स की कमान मिलने पर विधायक सतपाल जांबा का जताया आभार

**पूंडरी।** पूंडरी के पंजाबी समाज के प्रतिनिधिमंडल ने विधायक सतपाल जांबा से उनके कार्यालय में मुलाकात कर वीना खुराना को पूंडरी प्राथमिक कृषि सहकारी समिति (पैक्स) का चेयरपर्सन नियुक्त किए जाने पर आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल ने इस निर्णय को क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी और सामाजिक समरसता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि पूंडरी क्षेत्र के इतिहास में पहली बार पंजाबी समाज की किसी महिला को पैक्स चेयरपर्सन की जिम्मेदारी मिली है। इससे पूरे समाज में खुशी का माहौल है और महिलाओं को नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए नई प्रेरणा मिलेगी। विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि उनका उद्देश्य सर्व समाज को साथ लेकर क्षेत्र का समग्र विकास करना है। प्रतिनिधिमंडल ने विधायक सतपाल जांबा तथा विधायक प्रतिनिधि लाभ सिंह जांबा का धन्यवाद किया। इस अवसर पर रमेश दुआ, जगदीश क्वात्रा, अश्विनी खुराना, संजय कुकरेजा, नीटू तथा पंजाबी समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## संस्कारवान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से ही बनेंगे राष्ट्र के सशक्त नागरिक : कुसुम कंसल



**पूंडरी।** गुरुकुल पूंडरी प्रबंध समिति की पदाधिकारी कुसुम कंसल ने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास केवल पुस्तकीय ज्ञान से नहीं, बल्कि नैतिक संस्कार, अनुशासन, आत्मविश्वास और भारतीय संस्कृति से जुड़ाव के माध्यम से संभव है। उन्होंने कहा कि गुरुकुल पूंडरी में आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों और व्यक्तित्व विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे विद्यार्थी जीवन की हर चुनौती का आत्मविश्वास के साथ सामना कर सकें। उन्होंने कहा कि आज के समय में अभिभावकों की भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है कि वे बच्चों को मोबाइल और सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग से दूर रखते हुए अध्ययन, खेल, योग और रचनात्मक गतिविधियों के लिए प्रेरित करें। गुरुकुल का उद्देश्य ऐसे विद्यार्थियों का निर्माण करना है जो शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, अनुशासन और जिम्मेदारियों का भी निर्वहन करें। कुसुम कंसल ने बताया कि गुरुकुल पूंडरी में समय-समय पर व्यक्तित्व विकास, पर्यावरण संरक्षण, योग, सांस्कृतिक गतिविधियों, खेल प्रतियोगिताओं और नैतिक शिक्षा से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

## नशे के खिलाफ खिलाड़ियों को दिलाई शपथ

**जींद।** अंतरराष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस के अवसर पर नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के तहत जींद पुलिस द्वारा जिलेभर में नशे के विरुद्ध व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह के कुशल निर्देशन में नशा मुक्त भारत, सुरक्षित भारत के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में नशा मुक्ति टीम जींद द्वारा नरवाना स्थित नवदीप स्टेडियम में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी खिलाड़ियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई तथा उन्हें स्वस्थ, अनुशासित एवं नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। नशा मुक्ति टीम के इंचार्ज उप निरीक्षक नरेश कुमार ने खिलाड़ियों को नशा न करने की शपथ दिलाई।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## बीएआरसी ओसीईएस-2026 में हासिल की उपलब्धि

# प्रियंका बनी परमाणु अनुसंधान केंद्र में वैज्ञानिक

**जीएटीई फिजिक्स में एआईआर-34 प्राप्त कर नरड़ गांव की बेटी ने बढ़ाया जिले का मान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


प्रियंका चहल

जिले के गांव नरड़ की बेटी प्रियंका चहल ने देश की प्रतिष्ठित वैज्ञानिक संस्थान भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी) में वैज्ञानिक अधिकारी (साइंटिफिक ऑफिसर ) के पद पर चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रियंका का चयन बीएआरसी ओसीईएस-2026 के तहत भौतिक विज्ञान विषय में हुआ है। कैथल में रह रहे प्रियंका चहल के पिता राजबीर सिंह चहल शिक्षक हैं। राजबीर चहल व माता प्रेमलता ने बताया कि प्रियंका ने लिटिल फ्लावर विजिटेशन सीनियर सेकेंडरी कॉन्वेंट स्कूल से वर्ष 2017 में दसवीं तथा चमन वाटिका रेजिडेंशियल स्कूल फॉर गर्ल्स से वर्ष 2019 में बारहवीं (नॉन-मेडिकल) पूरी की।

इसके बाद उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से वर्ष 2022 में बीएससी तथा वर्ष 2024 में एमएससी (भौतिक विज्ञान) की डिग्री प्राप्त की। प्रियंका ने बताया कि 8 जून को मुंबई में उनका बीएआरसी साक्षात्कार हुआ, जो लगभग एक घंटा दस मिनट तक चला। साक्षात्कार में वैज्ञानिकों ने भौतिकी की अवधारणाओं, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नई परिस्थितियों में सिद्धांतों को लागू करने की क्षमता का परीक्षण किया।

**असफलताओं से हार नहीं मानी, लगातार प्रयास से मिली कामयाबी**

प्रियंका ने बताया कि एमएससी पूरी करने के बाद उनका लक्ष्य सीएसआईआर यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर पीएचडी करना था, लेकिन लगातार तीन प्रयासों में सफलता नहीं मिली। इसके बाद उन्होंने गेट फिजिक्स की तैयारी शुरू की। वर्ष 2025 में पहली बार गेट परीक्षा देकर ऑल इंडिया रैंक 1270 हासिल की। उसी वर्ष बीएआरसी ओसीईएस की लिखित परीक्षा भी दी, लेकिन चयन नहीं हो पाया। हालांकि उन्होंने हार नहीं मानी और एक वर्ष तक पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ तैयारी जारी रखी। वर्ष 2026 में उनकी मेहनत रंग लाई और उन्होंने गेट फिजिक्स में ऑल इंडिया रैंक 34 प्राप्त की। साथ ही बीएआरसी ओसीईएस की लिखित परीक्षा भी उत्तीर्ण कर ली

## ग्रामीण परिवेश की बेटियां भी विश्व मंच पर अपनी प्रतिभा का परचम लहरा सकती हैं : निधि मोहन



**पूंडरी।** एशियन कराटे चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने वाली पूंडरी क्षेत्र के गांव मोहना की होनहार बेटी अलीशा चौधरी को सामाजिक कार्यकर्ता एवं "एक किरण उम्मीद की संस्था की अध्यक्षा निधि मोहन ने सम्मानित करते हुए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि अलीशा चौधरी ने अपने अथक परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर न केवल भारत, बल्कि हरियाणा, कैथल, पूंडरी और अपने गांव मोहना का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। एशियन कराटे चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर उन्होंने यह साबित कर दिया कि ग्रामीण परिवेश की बेटियां भी विश्व मंच पर अपनी प्रतिभा का परचम लहरा सकती हैं। उन्होंने कहा कि अलीशा की यह उपलब्धि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उनकी सफलता हजारों बेटियों के लिए प्रेरणा बनेगी और खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़ने का नया उत्साह पैदा करेगी।